मैं तो तेरी हो गयी श्याम, दुनिया क्या जाने

मैं तो तेरी हो गयी श्याम, दुनिया क्या जाने,
क्या जाने क्या जाने, मैं तो तेरी हो गयी श्याम,
दुनिया क्या जाने ...

1) तेरी सूरत मेरे मन में समाई,
लोग कहें यह तो बावरी आयी,
मुझे लोग करे बदनाम दुनिया क्या जाने

2) जब से लगायी तेरे नाम की बिंदिया,
उड़ गयी मेरी रातों की निंदिया,
मन चैन नहीं दिन रात दुनिया क्या जाने

3) श्याम ही श्याम रटे मन मेरा,
श्याम बिना नहीं कोई मेरा
मेरा तू ही खेवनहार दुनिया क्या जाने

4) श्याम ही शक्ति श्याम ही भक्ति,
श्याम बिना नहीं मेरी मुक्ति,
मेरे जीवन का आधार दुनिया क्या जाने

5) जब से पहने तेरे नाम के कंगना,
कब आओगे मेरे अंगना,
मैं तो खडी खडी देखूँ वाट दुनिया क्या जाने

6) जब से ओडी तेरे नाम की चुनरिया,
लोग कहें मीरा भई बावरिया,
गली गली हुयी बदनाम दुनिया क्या जाने

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34255/title/mein-toh-teri-ho-gyi-shyam--duniya-kya-jane

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |